Synergy

BSES
BSES Yamuna Power Limited

... दिल्ली सरकार के साथ एक संयुक्त उद्यम

सितंबर – अक्टूबर, 2010

बिजली निजीकरण के पक्ष में बोले दिल्लीवाले

एक और सर्वे में बिजली निजीकरण के पक्ष में बोले दिल्लीवाले। इस बार बिजनेसवर्ल्ड ने यह सर्वे किया है। सिनोवेट अर्बन इंफ्रास्टक्चर सर्वे 2010 में उजागर हुई बातों को बिजनेसवर्ल्ड पत्रिका के 23 अगस्त, 2010 के अंक में प्रकाशित किया गया है।



यही सर्वे कई शहरों में किया गया। दिल्ली में सेक्सन ए और सेक्शन ए प्लस सेग्मेंट में जितने लोगों से बात की गई, उनमें से 62 प्रतिशत चाहते हैं कि बिजली वितरण को निजी कंपनियां नियंत्रित करें। बिजली निजीकरण का पक्ष लेने वालों में कोलकाता के लोग दूसरे स्थान पर हैं। वहां 53 प्रतिशत लोगों ने यह बात कही।

इस मौके पर बीएसईएस अपने सभी 26 लाख उपभोक्ताओं का शुक्रिया अदा करना चाहती है कि उन्होंने विश्वस्तरीय सेवाएं देने की हमारी क्षमताओं पर एक बार फिर भरोसा किया है। आपकी अपेक्षाओं पर हम हमेशा खरा उतरेंगे, इस बात के लिए हम एक बार फिर आपको आश्वस्त करते हैं।

पड़ोस के किराना स्टोर पर करें बिल का भुगतान

बीएसईएस यमुना ने अपने उपभोक्ताओं को बिल भुगतान का एक और विकल्प दिया है। कंपनी ने "सुविधा इंफोसर्व" से एक समझौता किया है, जिसके तहत पूर्वी और मध्य दिल्ली के उपभोक्ता दिल्ली और एनसीआर के 1200 किराना स्टोर्स पर मौजूद "सुविधा आउटलेट्स" पर बिजली बिल का भुगतान कर सकते हैं। इन आउटलेट्स पर चेक व डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है।

ये "सुविधा आउटलेट्स" बीएसईएस के आईटी सर्वर के साथ सीधे जुड़े हुए हैं। यहां की जा रहीं सभी लेन–देन उसी वक्त रेकॉर्ड हो जाती हैं। खास बात यह है कि न सिर्फ आपके बिल का भुगतान उसी वक्त हो जाएगा, बल्कि उसकी रसीद भी आपको तुरंत दे दी जाएगी।

सीएम ने किया उद्घाटन, अब महिलाएं भी बांटेंगी बिल

अगली बार अगर कोई महिला आपका बिजली बिल लेकर आपके घर आए, तो चौंकिएगा नहीं। जी हां, बीवाईपीएल ने देश में अपनी तरह का पहला उदाहरण पेश करते हुए बिल वितरण का काम महिलाओं को भी देने का फैसला किया है। महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक अनोखा कदम है। आर्थिक रूप से कमजोर तबके की महिलाओं को इस काम में लगाया जा रहा है।

16 अगस्त, 2010 को दिल्ली सचिवालय में मुख्यमंत्री श्रीमती शीला दीक्षित ने दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती बरखा सिंह के साथ मिलकर 28 महिला बिल वितरकों के पहले बैच को फ्लैग ऑफ किया।

नई रिसर्च के लिए, बीवाईपीएल–आईआईटी का समझौता

बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड और आईआईटी दिल्ली ने एक महत्वपूर्ण समझौता किया है, जिसके तहत, ये दोनों प्रतिष्ठित संस्थान नए– नए उपकरणों व टेक्नोलॉजी पर रिसर्च करेंगे। यह अपनी तरह का पहला इंडस्ट्री–अकेडमिया समझौता है, जब एटीएंडसी लॉस में ऐतिहासिक कमी लाने वाली कंपनी बीवाईपीएल, और शिक्षा व रिसर्च का मक्का कहे जाने वाले आईआईटी एक मंच पर आकर रिसर्च व टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम करेंगे। इससे एक ओर जहां उपभोक्ताओं को निर्बाध, बेहतर व गुणवत्तायुक्त बिजली आपूर्ति मिलेगी, वहीं दूसरी ओर वितरण सेक्टर का एटीएंडसी घाटा भी कम होगा।

बीवाईपीएल सीईओ श्री रमेश नारायणन और आईआईटी दिल्ली में फाउंडेशन फॉर इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी ट्रांसफर के डीन डॉ अनिल वाली ने एक समझौता–पत्र पर हस्ताक्षर किए।

हम सुन रहे हैं ... डायल करें
बीवाईपीएल – 39999808